

सौगात | नैनपुर स्टेशन में नहीं करना पड़ेगा यात्रियों को इंतजार

# जबलपुर से मंडला के बीच अब सीधी पैसेंजर ट्रेन




**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर से मंडला फोर्ट तक सफर करने वाले यात्रियों को अब नैनपुर स्टेशन पर ट्रेन बदलनेके लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। रेलवे ने जबलपुर-नैनपुर और नैनपुर-मंडला फोर्ट के बीच चलने वालीपैसेंजर ट्रेनों को मिलाकर एक ही ट्रेन के रूप में चलाने का प्रस्ताव तैयार किया है। रेलवे बोर्ड से इस प्रस्ताव कोमंजूरी मिल चुकी है। अब जोन स्तर पर नई समय-सारिणी तैयार की जा रही है। जैसे ही नई टाइम टेबल लागू होगा यात्रियों को जबलपुर से मंडला फोर्ट तक सीधे पैसेंजर ट्रेन की सुविधा मिलने लगेगी। इससे यात्रियों का समयबचेगा और यात्रा पहले से अधिक आसान हो जाएगी। अभी तक जबलपुर से मंडला फोर्ट तक जाने के लिएयात्रियों को दो अलग-अलग ट्रेनों का सहारा लेना पड़ता है। वर्तमान व्यवस्था में पश्चिम मध्य रेलवे की पैसेंजर ट्रेनजबलपुर से नैनपुर तक चलती है। इसके बाद उसी रैक को नया नंबर देकर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नैनपुर से मंडलाफोर्ट तक चलाता है।

## करना पड़ता था इंतज़ार

इस व्यवस्था के कारण यात्रियों को नैनपुर स्टेशन पर लंबा इंतजार करना पड़ता है। कई बार ट्रेन के बीच में काफीअंतराल होने के कारण यात्रियों को घंटों स्टेशन पर रुकना पड़ता है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद इन दोनोंहिस्सों को मिलाकर एक ही ट्रेन बना दी जाएगी। इससे जबलपुर से मंडला फोर्ट तक सीधे ट्रेन चल सकेगी औरयात्रियों को बार-बार ट्रेन बदलने की परेशानी नहीं होगी। ट्रेनों के मर्जर के बाद यात्रियों को जबलपुर से मंडलाफोर्ट तक बेहतर रेल कनेक्टिविटी मिलेगी। अन्य शहरों से जबलपुर आने वाले यात्रियों के लिए भी यह सुविधाकाफी उपयोगी साबित होगी। यदि कोई यात्री भोपाल, इंदौर, कटनी या अन्य शहरों से जबलपुर पहुंचता है तो उसेमंडला जाने के लिए अलग ट्रेन का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। वह सीधे उसी पैसेंजर ट्रेन से मंडला फोर्ट तक सफरकर सकेगा। इससे यात्रियों का समय भी बचेगा और यात्रा अधिक आरामदायक होगी। खासकर रोजाना यात्राकरने वाले यात्रियों को इसका सबसे ज्यादा फायदा मिलेगा।

## ऐसे समझे ट्रेनों का अंतर

उदाहरण के तौर पर जबलपुर से शाम 6:55 बजे चलने वाली पैसेंजर ट्रेन रात करीब 11 बजे नैनपुर पहुंचती है औरवहीं समाप्त हो जाती है। इसके बाद वही ट्रेन अगले दिन तड़के करीब 3:45 बजे मंडला फोर्ट के लिए रवाना होतीहै। इस कारण मंडला जाने वाले यात्रियों को पूरी रात स्टेशन पर बितानी पड़ती है। नई व्यवस्था लागू होने के बादयह ट्रेन सीधे जबलपुर से मंडला फोर्ट तक जाएगी।

### जबलपुर मंडला बनकर चलेगी ट्रेन

बता दे कि जबलपुर-नैनपुर (51703) और नैनपुर-मंडला (51709) को मिलाकर जबलपुर-मंडला (51703) बनाया जाएगा। वही मंडला-नैनपुर (51710) और नैनपुर-जबलपुर (51704) को मिलाकर मंडला-जबलपुर(51704) बनाया जाएगा। इसके बाद जबलपुर-नैनपुर (51705) और नैनपुर-मंडला (51711) को मिलाकरजबलपुर-मंडला (51705) बनाया जाएगा और मंडला-नैनपुर (51712) और नैनपुर-जबलपुर (51706) को मिलाकर मंडला-जबलपुर (51706) बनाया जाएगा।

## सरकारी स्कूलों में खेल पदों पर होने वाली नियुक्तियां अंतिम निर्णय के अधीन

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक अहम अंतरिम आदेश के तहत प्रदेश के सरकारी स्कूलों में माध्यमिक शिक्षक खेल के पदों पर होने वाली नियुक्तियों को याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन कर दिया है। इस पद पर नियुक्ति के लिए निर्धारित योग्यता को चुनौती देने के मामले में जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव, लोक शिक्षण संचालनालय, मप्र कर्मचारी चयन बोर्ड के चेयरमैन को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामले पर अगली सुनवाई 15 अप्रैल को निर्धारित की गई है। मुरैना निवासी सुरेन्द्र सिंह कुशवाह और मुरारी लाल शाक्य की ओर से अधिवक्ता आर्यन उरमलिया ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ताओं ने माध्यमिक शिक्षक (खेल) भर्ती 2024 में भाग लिया। पात्रता और चयन परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उनका नाम मेरिट में आया। इसके बाद दस्तावेज परीक्षण में उनकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी गई। याचिकाकर्ताओं के पास डिप्लोमा इन फिजिकल एजुकेशन की योग्यता है।



## दिल्ली चलो के नारे के साथ संसद घेराव की तैयारी

**जबलपुर युवा कांग्रेस की बैठक में लिया निर्णय**

**नवभारत,जबलपुर।** भारतीय युवा कांग्रेस के आह्वान पर 16 मार्च 2026 (सोमवार) को केंद्र की भाजपा सरकार के कथित कुशासन के खिलाफ संसद घेराव किया जाएगा। इस कार्यक्रम में देशभर से युवा कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

इसी क्रम में जबलपुर शहर युवा कांग्रेस द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें संसद घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर रणनीति तैयार की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि जबलपुर से अधिक से अधिक संख्या में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचकर आंदोलन में भाग लेंगे और केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे। बैठक में शहर युवक कांग्रेस के अध्यक्ष सोनू कुकरेले ने कहा कि अन्याय और कुशासन के खिलाफ युवाओं को एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। 'दिल्ली चलो, दिल्ली चलो' के संकल्प के साथ कार्यकर्ताओं से बड़ी संख्या में दिल्ली पहुंचकर संसद घेराव आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान किया गया।

**ये रहे उपस्थित**

बैठक में अभ्युत बाजपेयी, नितिन सिंह, समीर गढ़वाल, शिशांत सिंह ठाकुर, अंकुर गुप्ता, आदेश चौबे, आयुष पहाड़िया, मोशीन मंसूरी, रोहित रैकवार, आशु दुबे, शुभम अग्रवाल, राघव तिवारी, संजू अहिरवार, राहुल सोनी, विवेक रजक समेत अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बकायादारों के घरों पर चस्पा किए कुर्की के नोटिस

**नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई भी निरंतर जारी**




**जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा संभागवार एवं वार्डवार वसूली अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिन करदाताओं के द्वारा बार-बार सूचना देने के बाद भी बकाया करों की राशि जमा नहीं की जा रही है, उन सभी करदाताओं के विरूद्ध कुर्की की कार्रवाई की जा रही है। कुर्क सम्पत्तियों को अवधि के उपरांत वैधानिक प्रक्रिया का पालन करते हुए नीलाम करने की कार्रवाई भी की जायेगी। इसी कड़ी में आज भी संभाग क्रमांक 06 के अंतर्गत राजीव गांधी वार्ड 31 में बकाया टैक्स वसूली के लिए कार्रवाई की गयी। राजस्व विभाग की टीम ने बड़ी बकाया राशि वाले संपत्तियों को चिन्हित किया। कुर्की की कार्रवाई के साथ-साथ टीम ने अन्य बकायेदारों से भी सीधा संपर्क किया। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जो नागरिक समय पर टैक्स जमा नहीं कर रहे हैं, उनके नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई भी निरंतर जारी रहेगी। कार्यवाही के समय राजस्व अधिकारी आनंद मिश्रा एवं राजस्व अधीक्षक इंद्र कुमार वर्मा, संभागीय अधिकारी सुदीप पटेल, राजस्व निरीक्षक मन्नू लाल पटेल एवं समस्त राजस्व टीम की उपस्थिति रही। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने सभी नागरिकों से अपील की है कि अपने बकाया करों का भुगतान समय पर करें और निगम की अप्रिय कार्रवाई से बचें।

## होटल कर्मी की संदिग्ध मौत

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना क्षेत्र में एक होटल कर्मी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मंगलवार सुबह विक्टोरिया अस्पताल से सूचना मिली कि शेखर रामटेके 52 वर्ष निवासी निर्भयनगर अधारताल का आई.एस.बी.टी. शंकर होटल में काम करता था अत्याधिक शराब के नशे में होने से उपचार के लिए स्वयं भर्ती हुआ था दौरान उपचार के मंगलवार सुबह लगभग 5-40 बजे शेखर रामटेके की मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि मौत कैसे हुई इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

## दहेज के लोभियों ने नर्स बहू को बनाया उगाही का जरिया

**10 लाख का लोन भरवाया एटीएम छीना और घर से निकाला, एफआईआर दर्ज**

**नवभारत, जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत जयप्रकाश नगर में सरकारी नर्स को उसके ससुराल वालों ने उगाही का जरिया बना लिया। पहले दबाव डालकर 10 लाख का लोन कराया और जब मन नहीं भरा तो चरित्र पर लांछन लगाकर मारपीट करते हुए उसे घर से बाहर निकाल दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर पति, सास-ससुर और नंदोई के खिलाफ मामला दर्ज कर है। पुलिस ने बताया कि जयप्रकाश नगर निवासी 32 वर्षीय रागनी चौबे का विवाह दिसंबर 2023 में रोहित दुबे के साथ सामाजिक रीति रिवाज से हुआ था लेकिन शादी के कुछ ही हफ्तों बाद पति रोहित, ससुर ओंकार दुबे और सास कमला दुबे ने असली रंग दिखाना शुरू कर दिया। उन्होंने 5 लाख की नगदी और कीमती सामान की मांग को लेकर रागनी को शारीरिक और मानसिक रूप से तोड़ना शुरू कर दिया।

### बहू का लोन, ससुर का प्लॉट

प्रताड़ना की इंतहा तब हुई जब ससुर ने प्लॉट खरीदने के लिए रागनी पर दबाव बनाया। अपनी गृहस्थी बचाने के लिए मजबूरन रागनी ने अपनी सरकारी नौकरी के दस्तावेजों पर 10 लाख रुपये का लोन लिया। उस रकम से ससुर ने अपने नाम प्लॉट तो खरीद लिया। इस प्रताड़ना में नंदोई आशीष चौबे भी पीछे नहीं रहे। घर आकर रागनी को धमकाया कि वह साले रोहित की हर ख्वाहिश पूरी करे और 5 लाख और लाकर दे। जब रागनी ने असमर्थता जताई, तो आरोपियों ने उसका एटीएम कार्ड छीन लिया और उसकी पूरी सैलरी का हिसाब खुद रखने लगे।

**चरित्र पर लांछन लगा पति को भड़काया, नौकरी छुड़वाने दबाव**

रागनी ने बताया कि जब वह अस्पताल में ड्यूटी पर जाती, तो ससुर उसके चरित्र पर लांछन लगा पति को उसके खिलाफ भड़काते थे। पति नौकरी छोड़ने का दबाव बनाकर मारपीट करता था। हद तो तब हो गई जब 16 फरवरी 2026 को समझौता करने पहुंचे रागनी के बुजुर्ग पिता को भी ससुराल वालों ने बेइज्जत कर भगा दिया और रागनी को जान से मारने की धमकी देकर निकाल दिया।


## अनियंत्रित ट्रक ने कार को मारी टक्कर एयरबैग खुलने से बचीं तीन जानें

**नवभारत, जबलपुर।** शहपुर थाना अंतर्गत नेशनल हाईवे पर खिरखाखेड़ा मोड़ के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार के चारों एयरबैग खुल गए, जिससे कार में सवार एक ही परिवार के तीन लोग बाल-बाल बच गए। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सतना के सिंधी कैंप वार्ड नंबर 19 निवासी ट्रांसपोर्टर बलविंदर सिंह अपनी पत्नी कृतिका कौर और बहन प्रीति कौर के साथ टाटा नेक्सन कार एमपी 19 जेड पी 3166 से इंदौर एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। दोपहर करीब 3:30 बजे जैसे ही वे किसरोद टोलनाका के आगे खिरखाखेड़ा मोड़ पर पहुँचे, पीछे से आ रहे ट्रक एमपी 13 जीबी 1179 के चालक ने लापरवाही और तेज गति से वाहन चलाते हुए उनकी कार को साइड से टक्कर मार दी। टक्कर के कारण कार का ड्राइवर साइड का हिस्सा और कांच पूरी तरह चकनाचूर हो गया। गनीमत रही कि समय पर एयरबैग खुल गए, जिससे किसी को चोट नहीं आई, हालांकि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने से करीब 4 से 5 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

## स्टेट बार की महिला प्रत्याशियों के लिए हों पृथक मतपत्र

जबलपुर। एमपी स्टेट बार चुनाव में महिला प्रत्याशियों के लिए पृथक मतपत्र की व्यवस्था की मांग फिर बुलंद की गई है। इसे लेकर पूर्व में मांग-पत्र भेज गया था। लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसीलिए स्मरण-पत्र भेजा गया है। भारत के प्रधान न्यायाधीश, बार काउंसिल आफ इंडिया, हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश और स्टेट बार के चेयरमैन व सचिव को भेजे गए स्मरण-पत्र में 30 प्रतिशत महिला आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट के न्यायदृष्टांत का हवाला दिया गया है। साथ ही इस बात पर आपत्ति दर्ज कराई गई है कि चुनाव प्रक्रिया अंतर्गत अब तक एक ही मतपत्र का प्रविधान है, जो कि अनुचित है।

## गर्भवती पत्नी की बेरहमी से पिटाई



**नवभारत, जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत आयसा नगर में पति ने अपनी 5 माह की गर्भवती पत्नी की बेरहमी से पिटाई कर दी बल्कि बाल पकड़कर सड़क पर बुरी तर घसीटा। जिससे वे बुरी तरह घायल हो गई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक आयसा नगर बायपास निवासी मन्तसा अंजुम ने सिलाई का काम करती है। दोपहर करीब 2:30 बजे वह अपनी मां उसना के घर सिलाई का काम लेने गई थी। इसी दौरान उसका पति मोहम्मद समीर वहां पहुंचा और विवाद करने लगा उसने विरोध किया तो समीर ने आपा खो दिया। वह मन्तसा के सिर के बाल पकड़कर उसे मां के घर से घसीटते हुए अपने घर ले आया। मन्तसा चीखती रही कि वह 5 माह की गर्भवती है, उसे न मारे, लेकिन पत्थर दिल पति का दिल नहीं पसीजा। उसने उसे जमीन पर पटककर लात-घूंसों और मुक्कों से बुरी तरह पीटा। इस हमले में मन्तसा को गंभीर चोटें आई हैं। जाते-जाते आरोपी ने धमकी दी कि यदि उसने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, तो वह उसे जान से मार देगा। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पॉक्सो एक्ट की पीड़िता को सरेराह किया निर्वस्त्र



**नवभारत, जबलपुर।** घमापुर थाना क्षेत्र में एक मनचले ने एक 17 वर्षीय नाबालिग किशोरी के साथ बीच सड़क पर न केवल मारपीट की, बल्कि उसके कपड़े फाड़कर उसे निर्वस्त्र कर दिया। आरोपी पहले भी पीड़िता के साथ दरिंदगी कर चुका है। जिस पर पॉक्सो एक्ट का मामला दर्ज किया गया था।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बेन मोहल्ला निवासी (17)पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मोहल्ले के ही हनि बैन ने उसे सड़क पर रोक लिया और पुरानी रंजिश को लेकर किशोरी के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। जब किशोरी ने विरोध किया, तो आरोपी ने हैवानियत की हदें पार करते हुए सरेराह उसके साथ हाथापाई की और उसके कपड़े फाड़कर उसे बेइज्जत किया। बीच बचाव करने पहुंचे उसके फूफा से भी मारपीट की और धमकाते हुए फरार हो गया । बाद में पीड़िता थाने पहुंची और आपबीती पुलिस को सुनाई । बताया जा रहा है कि आरोपी हनि बैन के खिलाफ पीड़िता ने पूर्व में भी पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया था। जिसका बदला लेने की नीयत से उसने किशोरी को सार्वजनिक रूप से अपमानित करने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़, मारपीट और अन्य गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## तीन दिन बीते, न कातिल मिला, न मृतिका की पहचान हुई

**रानीताल हत्याकांड की गुत्थी अनसुलझी**

**नवभारत, जबलपुर।** लार्डगंज थाना अंतर्गत रानीताल ईदगाह के पास रविवार को गला रेत कर की गई महिला की हत्या की गुत्थी तीन दिन बीत जाने के बाद भी अनसुलझी। अब तक न तो मृतक की पहचान हो पाई है और न ही पुलिस कातिल का सुराग जुटा पाई है। हालांकि अंधी हत्या को सुलझाने के लिए क्राइम ब्रांच के साथ थाना पुलिस जुटी हुई है । जांच पड़ताल के साथ सीसीटीव्ही फुटेज, गुमशुदगी रिकॉर्ड खंगाले जा रहे है लेकिन अब पुलिस के हाथ खाली है।

विदित हो कि रानीताल ईदगाह के पास रविवार सुबह एक महिला का शव पड़ा मिला था। मृतिका की धारदार हथियार से हमला कर हत्या की गई थी। जिसकी गर्दन और पेट में चोट के निशान मिले थे। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया था। महिला कौन है और कहां की रहने वाली है इसका पता नहीं चलने पर मृतिका की पहचान के लिए उसकी फोटो थानों में शेयर की गई बल्कि गुमशुदगी रिकॉर्ड भी खंगाले गए लेकिन अब तक पहचान नहीं हो पाई। टीआई नवल सिंह आर्य ने बताया कि 30 वर्षीय मृतिका की पहचान नहीं हो पाई है। शिनाख्तगी के प्रयास जारी है। आरोपी की भी पतासाजी की जा रही है।

## फरार बेबू-रावत हुए ईनामी

**नवभारत,जबलपुर।** गढ़ा एवं मदनमहल थाने में दर्ज अपराधों में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने ईनाम घोषित कर दिया है। जानकारी के मुताबिक गढ़ा थाने में दर्ज आर्म्स एक्ट के प्रकरण में बेबू कटारिया उर्फभगवान दास कटारिया पिता गिधनदास कटारिया निवासी नवीन विद्यालय स्कूल नेपियर टाउन एवं मदनमहल थाने में दर्ज एनडीपीएस एक्ट में राजेन्द्र राउत पिता रविन्द्र राउत निवासी गांधीनगर पाडा जिला बालंगीर उड़ीसा स्थाई निवासी प्रतापनगरी थाना सदर जिला कटक उड़ीसा फरार है जिनकी गिरफ्तारी पर पांच-पांच हजार रूपए का ईनाम घोषित कर दिया गया है।

## एटीएम कार्ड बदलकर अधिवक्ता के खाते से उड़ाए 47 हजार



**नवभारत, जबलपुर।** कांचघर हनुमान टोरिया निवासी एक अधिवक्ता का जालसाज ने एटीएम कार्ड बदलकर खाते से 47 हजार रूपए पार कर दिए। ठगी का पता उस वक्त चला जब अधिवक्ता का पुत्र एटीएम से पैसे निकालने के लिए गया । बेलबाग पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक मंगलवार दोपहर विजय कुमार चौधरी (47) निवासी कांचघर हनुमान टोरिया घमापुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे अधिवक्ता है। उसने अपने बेटे को अपना एटीएम कार्ड देकर कुछ पैसे निकालने के लिये कहा, उसका बेटा ऋषि चौधरी कांचघर स्थित एटीएम जाकर फोन से बताया कि पैसे नहीं निकल रहे हैं उसने कहा कि पिन गलत डाल दिया होगा, बेटे ने एटीएम कार्ड का ध्यान से देखा जिस पर रामअवतार यादव नाम लिखा था, उसने अपने एसबीआई बैंक खाता से स्टेट मेंट निकालकर देखा पता चला कि उसके एटीएम से 40 हजार रूपये नगद बेलबाग तिराहा के पास स्थित एसबीआई एटीएम एवं सुनरहाई ज्वेलर्स दुकान से एटीएम से पायल खरीदी गई एवं उसके एटीएम कार्ड से 7 हजार रूपये पेमेंट किया गया, बाई का बगीचा जनता मार्केट के पास उसने सब्जी खरीदकर सब्जी वाले को अपने पर्स निकालकर पैसे दिये थे उसे शक है कि वहीं पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा धोखाधडी कर पैसे निकालने के इरादे से उसके एसबीआई एटीएम को बदलकर रामअवतार यादव का एटीएम उसके पास रख दिया। उसके एटीएम को बदलकर रामअवतार यादव का एटीएम उसके पास रख दिया एवं उसके एसबीआई खाते से से कुल 47 हजार रूपये निकाल लिये हैं।

## मातम के बीच चोरी : भाई की मौत पर मायके आई बहन के घर लाखों की सेंध

**नवभारत, जबलपुर।** हनुमानताल थाना अंतर्गत बाबा टोला ठक्कर ग्राम में एक ओर परिवार अपने जवान बेटे की मौत का मातम मना रहा था वहीं भाई की मौत पर मायके आई बहन के घर चोरों ने लाखों की सेंध लगा दी। शातिर चोरों ने सूने घर को निशाना बनाकर जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नागपुर निवासी गीतांजलि सतनामी अपने भाई पवन सतनामी के निधन पर मायके आई हुई थीं। बीती रात करीब 8 बजे वह अपनी मां सुषमा और भाई कुंदन के साथ रांझी स्थित अपनी नानी के घर गई थीं। घर पर ताला लगा हुआ था। अज्ञात चोरों ने बाउंड्री का ताला तोड़ा और घर के भीतर दाखिल हो गए और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। सुबह जब गीतांजलि वापस लौटीं, तो मुख्य द्वार का ताला टूटा देख उनके होश उड़ गए। अंदर कमरे में रखी दोनों अलमारियों के ताले टूटे थे और कीमती सामान बिखरा पड़ा था। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि चोर एक लाख रुपये नगद और सोने-चांदी के पुश्तैनी जेवरात ले उड़े हैं। चोरी गए गहनों की कुल कीमत लाखों में बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपियों तक पहुंचा जा सके।

## क्षमता से अधिक सामान लेकर यात्रा नहीं करें !

**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर रेल डिवीजन ने ट्रेनों में यात्रा करने वाले रेल यात्रियों को चेतावनी दी है कि यदि यात्राके दौरान क्षमता से अधिक सामान मिला तो उन पर पेनल्टी लगाई जा सकती है। डिवीजन के मुताबिक ऐसेयात्रियों की सघन चेकिंग करने के लिए टीटीई स्टाफ को अलर्ट कर दिया गया है। गौरतलब है कि डिवीजन केचेकिंग स्टाफ ने पहले चेकिंग करके कई यात्रियों पर जुर्माना लगाया है। जबलपुर डिविजन ने एक ट्वीट कियाजिसमें स्पष्ट बताया है कि इससे अन्य यात्रियों को परेशानी हो सकती है। मालूम हो कि रेलवे के नियमानुसार 40 किलो से अधिक वजन लेकर यात्रा करने वाले यात्री स्वत लगेज बुक कर लें, अन्यथा सफर के दौरान परेशानी मेंपड़ सकते हैं।

मूल्यांकन | डीपीसी ने दिए शिक्षकों को समय पर केंद्र पहुंचने के निर्देश

# उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**नवभारत,जबलपुर।** जिला जबलपुर में कक्षा 5वीं और 8वीं की वार्षिक परीक्षाओं के बाद उत्तर पुस्तिकाओं का संकलन कर विकासखंड स्तर पर मूल्यांकन के लिए भेजा गया है। राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार यह प्रक्रिया जन शिक्षा केन्द्रों से पूरी तरह व्यवस्थित तरीके से संपन्न की गई है। जिला परियोजना समन्वयक योगेश शर्मा ने बताया कि मुख्य मूल्यांकनकर्ता और मूल्यांकनकर्ताओं को प्रतिदिन निर्धारित समय पर मूल्यांकन केंद्र पहुंचकर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी शिक्षकों से अपेक्षा की गई है कि वे समय का पालन करें और मूल्यांकन कार्य में देरी न होने दें।



### अनुपस्थिति और लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई

शहरी मूल्यांकन केंद्रों में धीमी प्रगति पर डीपीसी ने नाराजगी जताई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मूल्यांकन कार्य से अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा और लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सभी मूल्यांकनकर्ताओं को समय पर केंद्र पर उपस्थित रहने का कड़ाई से पालन करना अनिवार्य है।

### उसी दिन करनी होगी अंकों की ऑनलाइन प्रविष्टि

जानकारी के अनुसार मूल्यांकन के बाद शिक्षकों को अंकों की ऑनलाइन प्रविष्टि उसी दिन करनी होगी, जिसकी जांच मुख्य मूल्यांकनकर्ता द्वारा की जाएगी। डीपीसी ने बताया कि सत्र 2024-25 के मूल्यांकनकर्ताओं के भुगतान के लिए राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा बजट जारी कर दिया गया है। जल्द ही संबंधित शिक्षकों के बैंक खातों में यह राशि जमा कर दी जाएगी।

**दसवीं- बारहवीं की 36 हजार उत्तर पुस्तिकाएं चेक**

माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाएं समाप्त हो चुकी हैं, परीक्षा के मध्य से ही इनका मूल्यांकन शुरू हो चुका था। जिसका कार्य लगातार जारी है और सभी शिक्षक दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं के उत्तर पुस्तिकाओं का लगातार मूल्यांकन कर रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अभी तक दोनों की कक्षाओं में मिलाकर लगभग 36 हजार उत्तर पुस्तिकाओं की जांच हो चुकी है। जिसमें दसवीं कक्षा में अभी तक 28303 एवं बारहवीं कक्षा में 7526 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूर्ण हो चुका है।